मध्यप्रदेश शासन

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग

:: आदेश ::

भोपाल दिनांक 31 / 10 /2022

क्र. एफ 16-37/2022/ए-ग्यारह:: राज्य शासन एतद् द्वारा निर्णय लिया गया कि मेसर्स गुफिक बायोसाइंसेस लि. द्वारा स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क, पीथमपुर, जिला धार में रूपये 238.21 करोड के स्थाई पूंजी निवेश से लायोफिलाईज़्ड इंजेक्टिबल्स, लिक्विड वॉयल आदि निर्माण हेतु फार्मास्यूटिकल परियोजना की स्थापना संबंधी प्रस्ताव (DIPIP2202150004) पर निम्नानुसार सुविधायें दी जाये -

1. **निवेश प्रोत्साहन सहायता** - उद्योग सवर्धन नीति 2014 (यथा संशोधित 2022) में प्रावधानित निवेश प्रोत्साहन सहायता परियोजना अन्तर्गत यंत्र संयंत्र तथा भवन में किये गये निवेश पर 30 प्रतिशत की स्थिर दर से, रोजगार गणक सहित, शर्तों के अध्याधीन प्रदान की जाये। परियोजना को निर्यात गणक का लाभ पृथक से प्राप्त होगा।

2. **विद्युत शुल्क से छूट** - इकाई अंतर्गत स्थापित नवीन विद्युत कनेक्शन पर वाणिज्यिक उत्पादन दिनांक से 7 वर्ष हेतु विद्युत शुल्क प्रदान की जाये।

3. **विद्युत टैरिफ की प्रतिपूर्ति** - इकाई अंतर्गत स्थापित नवीन विद्युत कनेक्शन पर वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने के दिनांक से 05 वर्ष हेतु प्रचलित विद्युत टैरिफ पर रुपये 1/- प्रति यूनिट की छूट दी जाये। यह स्पष्ट किया जाता है कि यह छूट विद्युत नियामक आयोग द्वारा विद्युत टैरिफ पर दी जा रही छूट, यदि कोई हो तो, के अतिरिक्त होगी। उक्त छूट की प्रतिपूर्ति एमपीआईडीसी द्वारा संबंधित इकाई को की जाये।

4. परियोजना को उद्योग संवर्धन नीति 2014 (यथा संशोधित 2022) अंतर्गत प्रावधानित अन्य सुविधाओं का लाभ विहित शर्तों के अध्याधीन प्राप्त होगा।

5. परियोजना को स्वीकृत सुविधा का लाभ इस शर्त पर प्राप्त होगा कि परियोजना में इस परिप्रेक्ष्य में आदेश जारी होने की दिनांक से, प्रतिबद्ध निवेश के साथ, 3 वर्ष में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ कर लिया जाये।

6. कम्पनी की शेष अन्य मांगों को अमान्य किया जाता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम
से तथा आदेशानुसार

(संजय कुमार शुक्ल)
प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन
औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग

निरंतर ....

पृ. क्र. एफ 16-37/2022/ए-ग्यारह भोपाल, दिनांक 31/10/2022

प्रतिलिपि:-

1. उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
2. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग/ऊर्जा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
3. आयुक्त, इन्दौर संभाग इन्दौर।
4. कलेक्टर, जिला धार।
5. प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश इण्डस्ट्रीयल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लि. भोपाल।
6. आथोराइज्ड सिग्नेटरी, डायरेक्टर, मेसर्स गुफिक बायोसाइंसेस लि. Shop No. 37, First Floor, Kamala Bhavan II, S Nityanand Road, Andheri East, Mumabi - 400069.

- की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन
औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग